रंग, जाति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आयु और परिस्थिति से कोई अंतर नहीं आता। मानव अधिकारों के द्वारा ही व्यक्ति अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो कर ही पाता है उसकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं की भी पूर्ति होती है। हम सब जानते हैं कि मानव अधिकार मनुष्य के लिए बहुत आवश्यक है। यह अधिकार मानव की गरिमा को बढ़ाकर समाज में संपन्नता एवं सौहार्द बढ़ाते हैं।

(क) मनुष्य कैसा प्राणी है?

(ख) व्यवस्थित और संतोष पूर्ण जीवन यापन कैसे किया जा सकता है?

(ग) मानवाधिकार कहाँ-कहाँ से प्राप्त होता है?

(घ) मानवाधिकार के द्वारा व्यक्ति की किन आवश्यकताओं की पूर्ति होती है?

(ङ) कौन सा अधिकार मनुष्य के लिए सर्वाधिक आवश्यक है?



[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No..............**

**Sr. No. of Question Paper : 11471** **K**

Unique Paper Code : 2051002005

Name of the Paper : Hindi-E : Compulsory Hindi Syllabus (CHS) – AEC 2

Name of the Course : **Common Prog. Group**

Semester : III

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 60

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करते हुए 6 शब्द लिखिए। (6)

2. निम्नलिखित शब्दों पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए : (6)

   सास, गाव, आत, दात, आगन, साचा।

3. निम्नलिखित में से विदेशी ध्वनियों को छाँटकर लिखें। (6)

   ऑ, क, क़, ज़, ख, फ़, ख़, ग, ग़

P.T.O.

4. निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए। (6)

(क) रोहित घर आया कुछ समय रुका और चला गया।

(ख) तुम कब आओगे

(ग) अहा तुम्हे देखकर आनन्द आगया।

(घ) मोहित रोहित और राजा अपने कार्य में दक्ष हैं।

(ङ) मुझे बाहर जाना है

(च) माता पिता और भाई बहिन घर जा रहे हैं।

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। (6)

(क) भूल चुकी है नीना मुझे।

(ख) पुस्तक पढ़ा जाता है।

(ग) गाय काली अधिक दूध देती है।

(घ) रोहित चिट्ठी लिखेगी

(ङ) हवा चलते ही कुहरा छँट जाएगी।

(च) सीमा लोकप्रिय कवि है।



6. किसी घटना का नाटकीय संवाद लिखिए। (10)

**अथवा**

स्वयं द्वारा की गयी किसी एक यात्रा का वर्णन कीजिए।

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 100 शब्दों में लिखिए। (10)

(क) पर्यावरण प्रदूषण

(ख) हमारे त्यौहार

8. हाल फिलहाल में पढ़ी गयी किसी कहानी का सारांश लिखिए। (10)

**अथवा**

अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और प्रत्येक व्यक्ति समाज में रहकर व्यवस्थित और सन्तोषपूर्वक जीवन यापन करना चाहता है इसके लिए उसको स्वतन्त्रता एवं कुछ अधिकारों की आवश्यकता होती है। वैसे तो मनुष्य को कुछ अधिकार प्रकृति ने दे रखे हैं एवं कुछ अधिकार देश के संविधान से मिले हुए हैं। जिनका उपयोग करके मनुष्य अपना संपूर्ण विकास कर सकता है। यह अधिकार ही मानव अधिकार कहलाते हैं। इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए उसकी राष्ट्रीयता, लिंग, व्यवसाय,